आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

यश भारत

● वर्ष- 15 अंक-274 ● कटनी ● बुधवार, 10 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक शुक्ल पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

छठ पर्व की आज बिदाई

शिवराज ने बुलाई आपात बैठक, होगा कठोर निर्णय

अस्पताल हादसे पर एक्शन में सीएम

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी भोपाल के कमला नेहरू अस्पताल में हुई दुखद घटना के संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रभुराम चौधरी, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, भोपाल के प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह, मुख्य सचिव, पीएस हेल्थ, पीएस गृह सहित आला अधिकारी मौजूद हैं। अस्पतालों में सुरक्षा के इंतजामों को लेकर भी महत्वपूर्ण तथा कठोर निर्णय ले सकते हैं।

12 साल बाद मिली खुशियां छिन गईं

हमीदिया अस्पताल के बच्चा वार्ड में लगी आग ने एक ऐसी मां की खुशियां भी छीन लीं जो अपनी शादी के 12 साल बाद मां बनी थी। वह दो नवंबर को बच्चे की मां बनी थी। सांस लेने में बच्चे को तकलीफ हुई तो उसे हमीदिया के कमला नेहरू अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था, जहां वह छह दिन से भर्ती था। उसकी हालत में सुधार भी होने लगा था। आग लगने के बाद परिजनों को अस्पताल से बाहर कर दिया गया था।

बस-टैंकर में टक्कर, 12 लोग जिंदा जले

बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर से भीषण सड़क हादसे की खबर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, यहां एक यात्री बस की टैंकर से टक्कर हो गई, जिसके बाद बस में आग लग गई और 12 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि समाचार एजेंसी॰हुं ने 5 लोगों की मौत सूचना दी है। कई यात्री गंभीर है, जिनका इलाज किया जा रहा है। हादसा बाड़मेर-जोधपुर हाईवे पर हुआ। बस में 25 लोग सवार थे। बचाव कर्मियों ने अब तक दुर्घटनास्थल से 10 शव निकाले हैं। हादसे के बाद जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।हादसे की वजह से हाईवे पर भीषण जाम लग गया है। विस्तृत विवरण का इंतजार है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, राजस्थान के बाड़मेर जिले में पचपदरा के पास एक यात्री बस और एक ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि कई घायल हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ने जिला कलेक्टर को राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में निर्देश दिया है और घायलों का इलाज सुनिश्चित करने को कहा है।

फटाफट खबरें

बिग बॉस प्रतिभागी अफसाना ने खुद को मारी चाकू

मुंबई। टीवी के सबसे विवादित शो बिग बॉस 15 में आज का एपिसोड बेहद चौंकाने वाला होगा। दरअसल, आज के शो में अफसाना खुद को चाकू से घायल करने की कोशिश करती नजर आएंगी। जिसके बाद शो के मेकर्स ने अफसाना को शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। रिपॉर्ट्स के अनुसार अफसाना अपकमिंग एपिसोड में वीआईपी एक्सेस टास्क में हारने के बाद अपना आपा खो बैठती हैं और खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती हैं। वीआईपी एक्सेस टास्क के दौरान अफसाना खान की शमिता शेट्टी के साथ जबरदस्त लड़ाई हुई थी। जिसके बाद से वह बेहद गुस्से में थीं। इतना ही नहीं दोनों की लड़ाई फिजिकल तक हो गई थी। *पृष्ठ 7 पर भी*

टी20 विश्व कप का पहला सेमीफाइनल आज अबुधाबी में

अबुधाबी। यूएई में खेले जा रहे टी20 विश्व कप का पहला सेमीफाइनल आज इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। मुकाबला अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। सुपर 12 राउंड के दौरान, इंग्लैंड ग्रुप 1 का हिस्सा था। इंग्लैंड ने 5 मैच खेले, 4 जीते और 1 में उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस तरह 8 अंकों के साथ वह ग्रुप 1 अंक में शीर्ष स्थान पर रहा था और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। वहीं न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप 2 का हिस्सा थी। उसने 5 मैच खेले, जिनमें से 4 जीते और 1 हारा। न्यूजीलैंड 8 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा और सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।।

नक्सलियों ने की गोपनीय सैनिक की हत्या

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में लंबी खामोशी के बाद नक ?सलियों ने फिर एक वारदात को अंजाम दिया है। इस वारदात में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की गला रेत कर हत ?या कर दी है। जानकारी के मुताबिक के बाद मंगलवार की रात नक्सलियों ने दंतेवाड़ा के कटेकल्याण थाना क्षेत्र के टेटम गांव में वारदात को अंजाम दिया। यहां नक्सलियों ने पूर्व सरपंच के पुत्र उमेश मड़कम की गला रेत कर हत्या कर दी। गांव में कैंप खुलने के बादये पहली वारदात है।

नवाब मलिक ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर लगाए कई गंभीर आरोप

दाऊद के करीबी भाटी से क्या है फडणवीस का कनेक्शन?

मुंबई । मुंबई क्रूज ड्रग केस मामला अब जाली नोट की ओर मुड़ गया है। आज प्रेसवार्ता आयोजित कर एनसीपी नेता नवाब मलिक ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम रहते हुए देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र में जाली नोटों का कारोबार कर रहे थे। उनके ही संरक्षण में पाकिस्तान और बांग्लादेश तक यह कारोबार हो रहा था। मलिक ने आरोप लगाया कि आठ नवंबर 2016 को नोटबंदी के बाद देश में कई जगहों पर जाली नोट पकड़े गए थे, लेकिन महाराष्ट्र में पूरे एक साल तक एक भी केस सामने नहीं आया था। आठ अक्तूबर 2017 को महाराष्ट्र में हुई एक छापेमारी में 14 करोड़ 56 लाख से ज्यादा के जाली नोट पकड़े गए थे। उस मामले को देवेंद्र फडणवीस ने रफादफा करने का काम किया। छापेमारी को मात्र आठ लाख 80 हजार बताकर मामले को दबाया गया। मामला दर्ज हुआ और कुछ ही दिनों में जमानत हो गई। इस मामले को एनआईए के पास नहीं भेजा गया। क्योंकि, जो लोग जाली नोट का रैकेट चला रहे थे, उन्हें तत्कालीन सरकार का संरक्षण प्राप्त था।

दाउद के करीबी के साथ क्यों दिखते हैं फडणवीस

एनसीपी नेता ने आरोप लगाया के फडणवीस ने सीएम रहते हुए अंडरवर्ल्ड से कनेक्शन रखने वाले लोगों को ही राजनैतिक पद प्रदान किए। उन्होंने मुन्ना यादव नाम के एक व्यक्ति को कंस्ट्रक्शन बोर्ड का अध्यक्ष बनाया। जबकि, वह माफिया था, इस पर हत्या के कई मामले दर्ज थे। आरोप लगाया कि दाऊद के करीबी रियाज भाटी के जरिए सीएम फडणवीस धन उगाही का काम कर रहे थे। लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके वसूली की जाती थी। जमीन मालिकों को पकड़कर लाया जाता था और सारी जमीनें अपने नाम लिखा ली जाती थीं। उनके कार्यकाल में लोगों के पास विदेशों से गुंडों के फोन आते थे।

समीर वानखेड़े के पास ही था जाली नोटों का मामला

नवाब मलिक ने कहा कि जब जाली नोट का मामला सामने आया तब समीर वानखेड़े ही इस मामले की जांच कर रहे थे। यह इत्तेफाक हो सकता है, लेकिन एक ही अधिकारी हर बार कैसे? इस मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समीर वानखेड़े, देवेंद्र फडणवीस का करीबी है। इसलिए उसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। डीआरआई ने मुंबई में जाली नोट के खिलाफ छापेमारी की थी। केस को हल्का करने के लिए समीर वानखेड़े के जरिए मदद की गई थी।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम तक पहुंच गया रियाज भाटी

मलिक ने कहा कि दाउद इब्राहिम का करीबी रियाज भाटी दो पासपोर्ट के साथ पकड़ा गया था। जिस आदमी को दो पासपोर्ट के साथ पकड़ा जाए, उसे दो दिनों में ही जमानत मिल जाती है। वह भाजपा के कार्यक्रमों में दिखता था। सीएम देवेंद्र फडणवीस की डिनर टेबल पर दिखता था। इतना ही नहीं फडणवीस के आशीर्वाद से ही रियाज भाटी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम तक पहुंच गया था।

पंजाब के किसान का कुंडली बॉर्डर पर लटका मिला शव

मुंबई ।मकुंडली बॉर्डर पर सुशांत सिटी के पास एक किसान का शव नीम के पेड़ पर फंदे पर लटका मिला है। मृतक किसान भारतीय किसान यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के संगठन का सदस्य था। वह अपने गांव की ट्रॉली में अकेला ही रह रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में भिजवा दिया है। गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरमेल सिंह (45) निवासी गांव रुड़की, जिला फतेहगढ़ साहिब, पंजाब यहां किसान आंदोलन में शामिल था। वह अंसल सुशांत सिटी के पास ट्रॉली में अकेला ही रह था। बुधवार सुबह उसे पास के ही नीम के पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ पाया गया। साथी किसानों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। कुंडली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली में जैकेट की डोरी को नल में फंसाकर युवक ने घोंटा गला

कासगंज। उत्तर प्रदेश के कासगंज में पुलिस अभिरक्षा में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। इस प्रकरण में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का बयान हैरान करने वाला है। बकौल पुलिस कप्तान आरोपी युवक ने अपनी जैकेट की डोरी से फांसी लगाकर जान दी। ये बात परिजन स्वीकार नहीं कर रहे है। हालांकि पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर सहित पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। अलताफ (22) पुत्र चांद मियां निवासी नगला सैय्यद टायल मिस्त्री का काम करता था। किसी परिवार में वह टायल लगा रहा था। उसी परिवार की लड़की लापता हो गई। लड़की के परिजनों ने युवक पर लड़की भगा ले जाने की शिकायत पुलिस से की। इस शिकायत पर पुलिस सोमवार की रात्रि करीब आठ बजे युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

एयर इंडिया की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, तकनीकी खराबी के चलते टेक ऑफ के तुरंत बाद उतारा गया

सिलचर। असम के सिलचर में बुधवार को बड़ा हादसा होते-होते बचा। यहां एयर इंडिया विमान के उड़ान भरते ही उसमें खराबी आ गई, जिसके बाद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बताया जा रहा है कि फ्लाइट को टेक ऑफ के तुरंत बाद ही वापस सिलचर कुंभीग्राम एयरपोर्ट पर उतारा गया। जानकारी के मुताबिक, एयर इंडिया की फ्लाइट (एयरबस ए319) ने बुधवार सुबह कोलकाता के लिए उड़ान भरी थी। इस विमान में 124 से 156 यात्री सफर सकते हैं। उड़ान भरते ही तकनीकी खराबी के कारण इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी, जिससे कोई भी हादसा होने से बच गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया।

पहिए में आई थी खराबी

अधिकारियों ने कहा कि सिलचर से उड़ान भरकर कोलकाता जाने वाली फ्लाइट ने जैसे ही टेक ऑफ किया, उसके पहिए में खराबी आ गई। दुघर्टनाग्रस्त होने से बचाने के लिए उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

अफगानिस्तान पर डोभाल की हां में हां मिलाई 6 देशों ने

नई दिल्ली। अफगानिस्तान की स्थिति को सुधारने को लेकर एनएसए अजीत डोभाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रूस और ईरान सहित सात देशों ने भाग लिया। इन सात देशों में रूस और ईरान के अलावा ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, और तुर्कमेनिस्तान शामिल थे। सभी देशों के सुरक्षा अधिकारी भारत के सुर में सुर मिलाते हुए नजर आए और अफगानिस्तान को मदद करने पर हामी भरी।

24 घंटे में 11466 नए केस, सक्रिय मामले 264 दिन में सबसे कम

नई दिल्ली । देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 11466 नए केस सामने आए हैं। सक्रिय मामलों की संख्या में रिकॉर्ड गिरावट आई है। देश में फिलहाल सक्रिय मामलों की संख्या 1,39,683 है, जो पिछले 264 दिन में सबसे कम है। वहीं, बीते 24 घंटे में महामारी से 460 लोगों की मौत हो गई है। 11466 नए मामलों में से केरल से ही 6409 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, केरल में पिछले 24 घंटे में 47 लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में लगातार 33 दिनों से कोरोना के दैनिक मामले 20 हजार से कम हैं और 136 दिन से 50 हजार से कम नए दैनिक मामले सामने आ रहे हैं। उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी घटकर 1,39,683 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.41 प्रतिशत है। यह दर मार्च 2020 के बाद से सबसे कम है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 955 की कमी दर्ज की गई है।

महिला की हत्या कर घर के आंगन में गड्ढा खोदकर दफनाया

अनूपपुर । नगर पंचायत अमरकंटक के बैंकटोला बस्ती में एक महिला का शव घर के आंगन में गड्ढे की खुदाई करने के दौरान मिला। महिला करीब 25 दिन से लापता थी। मृत महिला का नाम सोना बाई 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 बैंक टोला अमरकंटक है। मृतका घर पर अकेली रहती थी महिला की अज्ञात द्वारा हत्या कर आंगन में गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया था ताकि हत्या का राज दफन रह जाए लेकिन मृतका की बेटी ने घर पर मां को ना पाया और घर के बाहर जब कुछ संदिग्ध निशान देखे तो शंका हुई और पुलिस की मदद ली जिसके बाद यह सनसनीखेज मामला सामने आया।

9 रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ में सिटी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार दोपहर 3.30 बजे डाक से धमकी भरा पत्र पहुंचा। इस पत्र में मेरठ सहित कई जिलों में रेलवे स्टेशनों को 26 नवंबर और छह दिसंबर को धार्मिक स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसको लेकर जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर संघन चेकिंग कराई है। मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन अधीक्षक के नाम से भेजे गए इस पत्र में लिखा है कि मैं अपने जिहादियों की मौत का बदला जरूर लूंगा। खुदा मुझे माफ कर देना, हम हिंदुस्तान को तबाह कर देंगे। 26 नवंबर को गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, खुर्जा, कानपुर, लखनऊ, शाहजहापुर सहित कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ा देंगे। छह दिसंबर को अयोध्या के हनुमानगढ़ी, रामजन्मभूमि, इलाहाबाद, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर समेत यूपी के कई मंदिरों को बम से उड़ा देंगे। हालांकि इससे पहले तीन धमकी भरी चिट्ठी रेलवे स्टेशन पर आई है।

डिजिटल पेमेंट पर 40 लाख रुपये तक जीतने का मौका

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) डिजिटल भुगतान को उपभोक्ताओं के लिए और भी अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से अपना पहला ग्लोबल हैकाथॉन आयोजित करने जा रहा है। मंगलवार को आरबीआई ने इस संबंध में बयान जारी कर घोषणा की। हार्बिंजर 2021 नाम के इस हैकाथॉन के लिए रजिस्ट्रेशन 15 नवंबर से शुरू होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस ग्लोबल हैकाथन की घोषणा करते हुए बताया कि हैकाथॉन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को डिजिटल भुगतान की पहुंच आखिरी व्यक्ति तक करने, इसे और सरल बनाने और इससे जुड़े अनुभव को बेहतर करने के समाधान पेश करने होंगे।

सूर्य मंदिर में छिपा अद्भुत रहस्य, डेढ़ लाख साल से पहले हुआ था निर्माण

वेब डेस्क। देश भर में आज यानी 10 नवंबर 2021, बुधवार को छठ महापर्व है। चार दिनों तक चलने वाले छठ पर्व में आज डूबते सूर्य को अर्घ्य दी जाएगी। इसके साथ ही श्रद्धालु छठी मैया की आराधना करेंगे। छठ पूजा का त्योहार कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। वैसे तो छठ पर्व मुख्य रूप से उत्तर भारत के राज्यों में मनाया जाता है, लेकिन अब ये त्योहार पूरी दुनिया में मनाया जाता है। छठ के पर्व में उगते हुए और डूबते हुए सूर्य दोनों को अर्घ्य देते हैं। छठ महापर्व में विशेष रूप भगवान सूर्य की पूजा की जाती है। छठ महापर्व के मौके पर आपको देश के एक अद्भुत सूर्य मंदिर के बारे में बताते हैं....देशभर में भगवान सूर्य के कई प्रसिद्ध मंदिर हैं। सूर्य मंदिरों में सबसे पहले कोणार्क के सूर्य मंदिर का नाम लिया जाता है। लेकिन बिहार के औरंगाबाद जिले में एक सूर्य मंदिर स्थित है जो आस्था का केंद्र है। इसके साथ ही यह बेहद रहस्यमयी मंदिर है। छठ महापर्व पर इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ होती है। छठ पूजा करने के लिए यहां पर बिहार के साथ ही कई राज्यों के लोग आते हैं। हिंदू मान्यताओं के मुताबिक, इस प्राचीन सूर्य मंदिर का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने एक रात में कर दिया था। यह भारत का पहला ऐसा सूर्य मंदिर है जिसका दरवाजा पश्चिम की तरफ है। इस मंदिर में भगवान सूर्य सात घोड़े वाले वाले रथ पर सवार हैं। इस मंदिर में भगवान सूर्य के तीनों रूपों उदयाचल-प्रात॰ सूर्य, मध्याचल- मध्य सूर्य और अस्ताचल -अस्त सूर्य के रूप में प्रतिमा स्थापित है। बताया जाता है कि छठ पूजा की शुरुआत यहीं से हुई थी।

डेढ़ लाख साल से पहले मंदिर का हुआ था निर्माण

यह मंदिर करीब एक सौ फीट ऊंचा है। इसके अलावा यह मंदिर स्थापत्य और वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है। बताया जाता है कि डेढ़ लाख साल पहले इस मंदिर का निर्माण किया गया था। आयताकार, वर्गाकार, अर्द्धवृत्ताकार, गोलाकार, त्रिभुजाकार पत्थर से इस मंदिर का निर्माण किया गया है। इसके निर्माण में गारा या सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया है। आज भी यह रहस्य है कि यह मंदिर एक रात में कैसे बन गया और पश्चिम की तरफ मुख का होकर भी भगवान सूर्य के दर्शन कैसे होते हैं।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

TECHNOLOGY WE LIVE
EXIDE
Xtreme

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला का शुभारंभ

जागृति पार्क में बिखरेंगे शिल्पकला के रंग

आधारशिला
कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल
स्टोन

देशभर से आए शिल्पकारों ने स्टोन व मार्बल कलाकृतियां बनाना किया प्रारंभ

कटनी। स्टोन पर अपनी शिल्पकला की अनूठी छाप से लोगों को आकर्षित करने वाले देशभर के शिल्पकारों के संगम के बीच मंगलवार को जागृति पार्क में स्टोन व मार्बल को बढ़ावा देने 20 दिवसीय कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला का शुभारंभ किया गया। विधायक संदीप जायसवाल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी सुनील कुमार जैन, ने जागृति पार्क में आयोजित समारोह में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी भी मौजूद थे। विधायक ने कटनी के स्टोन को पहचान दिलाने के लिए प्रारंभ किए गए आधारशिला आयोजन की सराहना की। इसके पहले कलेक्टर ने कटनी स्टोन के प्रमोशन के लिए आयोजित किए जा रहे आधारशिला कटनी आर्ट फेस्टीवल के विषय में विस्तार से बताया। सहायक कलेक्टर अंजली रमेश ने आयोजन की रूपरेखा के विषय में जानकारी दी। अतिथियों ने कटनी के स्टोन व मार्बल में अपनी कला उकेरने आए शिल्पकारों का स्वागत किया। शिल्पकारों ने भी कटनी के स्टोन पर अपने अनुभव बांटे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिले के स्टोन को एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत चयनित किया गया है। जिले के स्टोन व मार्बल की पहचान बढ़े व रोजगार का सृजन हो, इसको लेकर 9 नवंबर से आगामी 28 नवंबर तक कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल का आयोजन जागृति पार्क में किया जा रहा है।

फूड फेस्टीवल, रंगारंग कार्यक्रम

28 नवंबर तक आयोजित होने वाले स्टोन आर्ट फेस्टीवल के दौरान लोगों के मनोरंजन के भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। अवकाश के दिनों में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, संगीत की प्रस्तुति अलग-अलग कलाकार देंगे तो बाल दिवस पर बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम स्टोन फेस्टीवल के दौरान आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा जागृति संस्था और महिला स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा फूड फेस्टीवल का आयोजन भी किया जाएगा।

प्रोजेक्टर पर सांसद के संदेश का प्रसारण

स्टोन फेस्टीवल के शुभारंभ पर जिले सहित प्रदेश स्तर के जनप्रतिनिधियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा के आयोजन को लेकर दिए गए शुभकामना संदेश का प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। सांसद ने अपने संदेश में स्टोन आर्ट फेस्टीवल को प्रदेश में अपने तरह के पहला आयोजन बताया और जिला प्रशासन को सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

एडवेंचर स्पोर्ट्स का भी उठा सकेंगे लुत्फ

स्टोन फेस्टीवल के साथ ही 20 दिनों तक लोगों के लिए अलग-अलग सांस्कृतिक व साहसिक गतिविधियों का भी आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। जागृति पार्क में एडवेंचर स्पोर्ट्स की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। फेस्टीवल के शुभारंभ के साथ ही लोग एडवेंचर स्पोर्ट्स के अंतर्गत जार्गिंग, वॉटर जार्गिंग, स्पोर्ट्स बाइक, कमांडो नेट, वर्मा ब्रिज सहित अन्य साहसिक खेलों का परिवार सहित 20 दिनों तक लुत्फ उठा सकेंगे।

आधारशिला
कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल
9 नवम्बर से 28 नवम्बर 2021
जिला प्रशासन - कटनी (म.प्र.)

कटनी के विकास को मजबूत करने की सार्थक पहल स्टोन फेस्टीवल

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल के आयोजन को लेकर सांसद सहित जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

कटनी। कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला के आयोजन को लेकर क्षेत्रीय सांसद वी डी शर्मा सहित स्थानीय विधायकों ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। जनप्रतिनिधियों ने स्टोन फेस्टीवल को प्रदेश में इस तरह का पहला आयोजन बताया और कहा कि इससे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले के पत्थर को पहचान मिलेगी तो रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रदेश में अपने तरह का यह पहला आयोजन है। इसके लिए जिला प्रशासन को शुभकामनाएं और देशभर से फेस्टीवल का हिस्सा बनने आए शिल्पकारों को क्षेत्र में स्वागत है। निश्चित ही यह अपने तरह के अनूठा आयोजन है और इससे न सिर्फ देशभर में जिले के स्टोन को नई पहचान मिलेगी बल्कि क्षेत्र का विकास होगा और कटनी की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल के आयोजन को लेकर यह बात खजुराहो-कटनी सांसद श्री वीडी शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद की प्रधानमंत्री जी ने और प्रदेश में प्रदेश सरकार ने इसकी शुरूआत की। अभियान के साथ इस तरह का आयोजन करना जिसमें स्टोन के अंतर्गत काम करने वाले व मूर्तिकला का काम करने वालों को जो अवसर जिला प्रशासन ने दिया है, इससे देशभर से आए लोगों के बीच मार्केटिंग भी होगी और हमारे स्थानीय लोगों को भी नए अवसर मिलेंगे।

कटनी के स्टोन को प्रमोट करना अच्छी व उत्साही पहल : विधायक संजय पाठक

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल के आयोजन को विजयराघवगढ़ विधायक श्री संजय पाठक ने कटनी के स्टोन को प्रमोट करने की अच्छी व उत्साही पहल कहा है। आयोजन को लेकर अपनी शुभकामनाएं देते हुए विधायक श्री पाठक ने कहा कि स्टोन फेस्टीवल से निश्चित ही जिले के पत्थर की मांग बढ़ेगी और उसके साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। श्री पाठक ने देशभर के शिल्प के संगम को आधारशिला के रूप में पिरोने के लिए जिला प्रशासन व आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल से जिले के स्टोन को राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। फेस्टीवल में देशभर से आए शिल्प के क्षेत्र के उम्दा कलाकारों से स्थानीय कलाकारों को भी इस आयोजन से सीखने का अवसर मिलेगा और यह आयोजन जिले के स्टोन को नई पहचान दिलाएगा। कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल को लेकर यह कहना है मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल का।

कटनी के पत्थर को मिलेगी नई पहचान

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला से सदियों से अपनी पहचान रखने वाले जिले के पत्थर को एक नई पहचान मिलेगी। जिला प्रशासन ने एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत मेरी विधानसभा क्षेत्र के पत्थर को चुना है, इसके जिला प्रशासन का साधुवाद और जिला प्रशासन को बहुत बहुत शुभकामनाएं। बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय ने यह बात जागृति पार्क में 9 नवंबर से 28 नवंबर तक आयोजित हो रहे कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला को लेकर कही। विधायक ने कहा कि फेस्टीवल में शामिल होने वाले देशभर के शिल्पकारों का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिनके माध्यम से हमारे स्टोन को देशभर में सराहना मिलेगी। विधायक श्री पांडेय ने अपनी विधानसभा क्षेत्र व जिलेवासियों से स्टोन आर्ट फेस्टीवल में पहुंचकर शिल्पकारों का उत्साह बढ़ाने की भी अपील की।

शुभारंभ 19 मार्च 2021

नीमच में कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होंगे जिले के खिलाड़ी

फारेस्टर प्लेग्रांउड में जिला स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन

कटनी। नीमच में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के खिलाड़ी में भी शामिल होंगे। जिला कुश्ती संघ ने खेल विभाग के सहयोग से मंगलवार को फारेस्टर प्लेग्रांउड में अंडर-14 व अंडर-15 प्रतियोगिता के लिए बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ियों की जिला स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन किया। चयन प्रतियोगिता में 40 बच्चे शामिल हुए, जिनका उत्साहवर्धन करने विधायक संदीप जायसवाल भी पहुंचे। विधायक ने स्पर्धा में भाग ले रहे बच्चों को बेहतर प्रदर्शन का जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। साथ ही जिला स्तरीय चयन स्पर्धा में शामिल हुए सभी 40 बच्चों को अपनी स्वेच्छानुदान निधि से एक-एक हजार रूपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान करने की भी घोषणा की। जिला खेल अधिकारी विजय भार ने बताया कि जिला स्तरीय चयन स्पर्धा में चयनित लगभग 20 खिलाड़ी नीमच में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जायज मांगों को लेकर कर्मचारियों ने अमरकंटक से शुरू की मनोकामना यात्रा

एकता रूपी कुंजी से खुलेगा पुरानी पेंशन रूपी ताला

कटनी। अमरकंटक में मां रेवा से आशीर्वाद लेकर प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में हजारों कर्मचारियों ने पेंशन मनोकामना यात्रा आरंभ की है, इसके पूर्व मन्नत यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती संपतिया उइके एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष भरत पटेल के साथ संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सभी साथियों द्वारा मां नर्मदा की पूजा अर्चना, आरती कर आशिर्वाद एवं आदेश प्राप्त किया। प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन लागू होगी और वो भी 2021 में हम सभी आज यहां मां त्रिकुटा के पावन धरा से पुरानी पेंशन मनोकामना यात्रा का आरंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रमण करते हुये 25 दिसंबर को भोपाल पहुंचेंगे, साथ ही कहा कि मात्र दो से ढाई सौ करोड़ के बजट में ही पुरानी पेंशन की मांग पूरी हो सकती है। सरकार में दृढ़ इच्छाशक्ति होना चाहिये, साथ ही कहा कि इसी सरकार से हमने 5 हजार करोड़ का बजट लिया था फिर अब तो कुल दो सौ करोड़ की बात है, आप सभी अपने संघर्ष, समर्पण, संघ पर विश्वास रखिये, अपना संपूर्ण संबल, समर्पण दीजिये हम पुरानी पेंशन हर हाल 2021 में ही लागू कराकर रहेंगे। राज्यसभा सांसद श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आपकी मांग जायज एवं न्यायोचित है शीघ्र इसका समाधान में आपकी मांग को माननीय प्रधानमंत्री के संज्ञान में लाऊंगी व इसका निराकरण होगा। जिलाध्यक्ष रमाशंकर तिवारी ने कहा कि एकता, संघर्ष रूपी कुंजी से ही पुरानी पेंशन रूपी ताला खुलेगा। अतीत में आपने वर्तमान के लिये संघर्ष किया सफलता भी प्राप्त की अब वर्तमान में आपको भविष्य के लिए संघर्ष करना है, अपनी एकता, समर्पण के साथ आगे आइये संघ संवर्गहित में हरेक संघर्ष के लिये संकल्पित है। कार्यक्रम को उमरिया जिलाध्यक्ष पवन चतुर्वेदी संघगुरु ने संबोधित करते हुवे कहा कि पावन मुरन्दला के तट से किया गया हर संकल्प सफल होता है यह भी होगा। कार्यक्रम को डिंडौरी जिलाध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित, मंडला जिलाध्यक्ष संतोष सोनी, सीधी जिलाध्यक्ष हरीश मिश्रा, बालाघाट जिलाध्यक्ष आशीष विशेन, शहडोल जिलाध्यक्ष अनिल पटेल, जबलपुर जिलाध्यक्ष शिवकुमार चौबे आदि के साथ-साथ अन्य, वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा उत्साह वर्धन कर ऊर्जा प्रदान की गई व पुरानी पेंशन का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव गोविंद विशेन, आभार संभागीय अध्यक्ष संभाग शहडोल संतोष शर्मा एवं जिलाध्यक्ष विश्वसराज शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कटनी से श्रीकांत शुक्ला, दुर्गा प्रसाद पटेल, मौजी लाल चक्रवर्ती, किशन लाल भुमियाँ, रामभुवन विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा, हरिचरण सिंह रघुवंशी, तुलसीराम कनौजिया की उपस्थिति रही।


THIS DIWALI... BRING YOUR FAMILY BACK TO THE CINEMAS!
SOORYAVANSHI
NOV. 5TH
AA RAHI HAI POLICE

नीरज सिनेप्लेक्स में
बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 3 शो ता. 12 से
दोपहर 12, 3 एवं 6 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार-अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह आदि।
टिकट दर 50/- एवं 100/-

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे का आयोजन 12 नवम्बर को

कटनी। 12 नवम्बर को पूरे देश में एक साथ राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 12 नवम्बर को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12/12.30 बजे तक सैम्पल विद्यालयों में आयोजित होगी। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे के विधिवत आयोजन के दृष्टिगत सहायक कलेक्टर अंजली रमेश को स्वतंत्र ऑब्जर्वर नियुक्त करते हुये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत सहायक कलेकटर को 12 नवम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे परीक्षा में जिले के 182 सैंपलिंग विद्यालयों का निष्पक्ष रुप से अवलोकन करने के निर्देश दिये गये हैं।



सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, आ रही है पुलिस.......
रोजाना 3 शो ता. 12 से दोपहर 1, 4 एवं 7 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार- अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह, जैकी श्राफ, जावेद जाफरी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है



सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, आ रही है पुलिस.......
रोजाना 4 शो ता. 12 से दोपहर 12.30, 3, 5.45 एवं 8.30 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार- अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह, जैकी श्राफ, जावेद जाफरी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

जिले में नहीं खाद की कमी, भ्रांतियों में न पड़ें किसान

कलेक्टर ने किया दावा, किसानों से की अपील

कटनी। जिले में वर्तमान में खाद की किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार से पर्याप्त खाद जिले को उपलब्ध कराई जा रही है। यदि किसी केन्द्र में एक-दो दिन बाद खाद उपलब्ध होने की बात कही जा रही है तो उसे किसान अन्यथा न लें, उसका यह मतलब नहीं की खाद की कमी है। इस तरह के भ्रांतियों में बिल्कुल भी न पड़ें। यह बात कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के किसानों से कही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि खाद की उपलब्धता पूरे सीजन पर्याप्त रहेगी और इसके लिए किसानों को किसी भी तरह से परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने किसानों से कहा कि डीएपी यदि उपलब्ध नहीं है तो उसके स्थान पर एनपीके व एसएसपीके का उपयोग करें, उससे उपज में किसी भी तरह की कमी नहीं आएगी। खाद के अधिक दाम वसूलने वाले व्यापारियों की शिकायत दर्ज कराने की अपील भी कलेक्टर ने किसानों से की है।

भगवान महावीर विकलांग पुनर्स्थापन केन्द्र कटनी

सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई धर्म नहीं

भगवान महावीर विकलांग पुर्नस्थापन केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य कुलरत्न भूषण महाराज के उद्‌गार

कटनी। शासकीय चिकित्सालय परिसर स्थित भगवान महावीर विकलांग पुर्नस्थापन केन्द्र में आचार्य श्री 108 कुलरत्न भूषण महाराज ने केन्द्र का अवलोकन करते हुए उपस्थितजनों को संबोधित करते हुये कहा कि सेवा ही परम धर्म है। भगवान महावीर के नाम से यह केन्द्र प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी के प्रति अपार श्रद्धा भक्ति समर्पित जो व्यक्ति रखता है, वही व्यक्ति ऐसे मानव के कार्य कर सकता है। महावीर भगवान की आज्ञा का पालन करने वाला व्यक्ति ही महावीर का पथ प्रदर्शक बन सकता हैं। भगवान महावीर विकलांग पुर्नस्थापन केन्द्र के सदस्यों को आर्शीवाद देते हुये आचार्य श्री जी ने आगे कहा कि आपका सेवा भाव देखकर ही प्रशासन एवं समाज के लोगों आपको समय-समय पर आपको आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है, जिससे यह केन्द्र पिछले 20 वर्षों से अनवरत चल रहा है। उन्होंने आगे बतलाया कि मावन सेवा के कार्य, जो कर रहे हैं, उनको भव-भव में इसका पुण्य मिलने वाला है। सभी को मानव सेवा के कार्य करने चाहिए, क्योंकि सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई धर्म नहीं है। कार्यक्रम का संचालन रंजना पटोरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रकाश पर अध्यक्ष सुभाषचंद जैन, सचिव एडवोकेट सुभाषचंद पटोरिया, अनिल जैन, धनेन्द्र, शांति कुमार, अजीत सिंघई, राकेश जैन कक्का, प्रेम बघवार, अनुपम जैन, प्रवीण जैन, विजय वैद्य, मुकेश मोदी, सुभाष सिंघई, संदीप पटोरिया, अमित सिंघई, शरद जैन, संजीव सिंघई, अंकुर जैन, संजय जैन, दीपू जैन, मयंक जैन, शैलेन्द्र जैन, गर्वित जैन, रीतेश जैन, गुड्डु अभी जैन, श्रीमती आराधना जैन, रजनी जैन, सरला जैन, रूची जैन के साथ ही अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर 10 विकलांगों को पैर लगाकर आचार्य श्री जी के सामने चलाकर दिखाया गया।

यशभारत
नये जमाने के साथ...

सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 10 नवम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

पीएम आवास के लिए भटक रहा ग्रामीण

कटनी। नागरिकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो, इसको लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मंगलवार को सभी कार्यालयों में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जनसुनवाई के दौरान लोगों के आवेदनों पर सुनवाई की और मौके पर ही संबंधित विभागों को यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 68 आवेदन आए। जिसमें से रजरवारा नंबर 2 के बसंतलाल ने भूमि के अभिलेख सुधार के लिए आवेदन दिया तो वहीं देवरी निवासी रामसेवक विश्वकर्मा ने भूमि का सीमांकन कराते हुए कब्जा दिलाने आवेदन दिया। ग्राम बांध सरपंच ने सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा को जनसुनवाई में आवेदन दिया। लोहरवारा नंबर-1 के भोलानाथ दुबे ने पीएम आवास का लाभ दिलाने और मदनमोहन चौबे वार्ड निवासी सत्तार खान ने वार्ड में जर्जर पेड़ को हटवाने के लिए आवेदन दिया। सरपंच ग्राम पंचायत बड़ेरा ने पूर्व सचिव द्वारा जानकारी न देने को लेकर आवेदन दिया। साथ ही महेन्द्र विश्वकर्मा ने नगर निगम के आईएचएचडीपी का मकान दिलाने को लेकर आवेदन दिया। इसके अलावा राजस्व, शिक्षा, पंचायत एवं समाज कल्याण, जिला पंचायत सहित अन्य विभागों से जुड़े 68 आवेदन जनसुनवाई में पहुंचे। आवेदनों पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागों के अधिकारियों को समय सीमा पर यथोचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा के साथ ही अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने भी जनसुनवाई में आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की। इस दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई गुहार

आम चुनाव के लिये रिटर्निंग तथा सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त

कटनी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन प्रियंक मिश्रा ने पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 42 के तहत जिले में ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच पद के आम निर्वाचन 2021 के लिये रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर को नियुक्त करते हुये संशोधित आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत कटनी जनपद पंचायत क्षेत्र के लिये तहसीलदार मुनव्वर खान को रिटर्निंग ऑफीसर तथा नायब तहसीलदार रवीन्द्र पटैल को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार रीठी जनपद पंचायत क्षेत्र में नायब तहसीलदार राजेश पाण्डे को रिटर्निंग ऑफीसर, नायब तहसीलदार निधी तिवारी को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर, बड़वारा जनपद पंचायत क्षेत्र के लिये तहसीलदार क्षमा सराफको रिटर्निंग ऑफीसर तथा नायब तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है। विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में नायब तहसीलदार राजेश कौशिक रिटर्निंग ऑफीसर तथा नायब तहसीलदार जितेन्द्र पटैल सहायक रिटर्निंग ऑफीसर होंगे। बहोरीबंद क्षेत्र में तहसीलदार पूर्वी तिवारी रिटर्निंग ऑफीसर तथा प्रभारी तहसीलदार स्लीमनाबाद शशांक दुबे सहायक रिटर्निंग ऑफीसर और ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र के लिये प्रभारी तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे रिटर्निंग ऑफीसर तथा नायब तहसीलदार रैना तामिया सहायक रिटर्निंग ऑफीसर होंगे।

बाइक रैली के माध्यम से विधिक सेवा दिवस का आयोजन

कटनी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश, सचिव दिनेश कुमार नोटिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के दिशा-निर्देशन में 9 नवम्बर को विधिक सेवा दिवस के सुअवसर पर भारत की आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत विधिक सेवा में संचालित योजनाओं से आम जनता को जागरूक किये जाने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर कटनी से झिंझरी, कलेक्ट्रेट, बरगंवा, कटाई घाट, सागर पुलिया, मिशन चौक, थाना कोतवाली होते हुये शहीद स्मारक कटनी तक बाईक रैली का आयोजन किया गया। जन-जागरूकता बाईक रैली का शुभारंभ जिला न्यायाधीश आशुतोष मिश्रा अभिषेक सिंह एवं सचिव दिनेश कुमार नोटिया ने जिला न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर किया। इस रैली में जिला न्यायाधीश राजेश श्रीवास्तव, डी.के. सिंह, सूर्यप्रकाश शर्मा अनिल कुमार, श्वेता गोयल, सीजेएम विकास चौहान, जेएमएफसी राघवेन्द्र पटेल, अजय कुमार यदू, विकसिता मरकाम, श्वेता मिश्रा, विजया भारती यादव, सोनम शर्मा, अंकिता जैन एवं अन्य न्यायाधीशगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, पैनल अधिवक्ता एवं न्यायालयीन एवं जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण ने भाग लिया गया। इस बाईक रैली द्वारा जिला न्यायालय परिसर से शहीद स्मारक कटनी तक प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम जनता से अपील की गयी कि 14 नवम्बर को फारेस्टर ग्राउण्ड में आयोजित वृहद साक्षरता शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का त्वरित निराकरण कराये। साथ ही प्रचार रथ में लगाये गये लाउड स्पीकर के माध्यम से नालसा एवं सालसा की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

आजादी का अमृत महोत्सव

कटनी स्टोन आर्ट फैस्टिवल में नगर निगम करेगा व्यवस्थाएं

कटनी। आजादी का अमृत महोत्सव मनाये जानें हेतु जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद कटनी द्वारा आधारशिला कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल 9 नवंबर से 28 नवंबर तक जागृति पार्क में मनाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा नगर पालिक निगम कटनी को सौपी गई व्यवस्थाओं को पूर्ण करानें हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपे गए है।

कार्यक्रम स्थल, शिल्पकारों के ठहरनें हेतु चयनित स्थल, रोड डिवाईडर एवं अन्य संबंधित स्थलों सहित पहुंच मार्गो की विशेष साफ सफाई, चूने की लाईनिंग, कीटनाशक दवा का छिडकाव, फागिंग एवं आवारा जानवरों पर नियंत्रण, कार्यक्रम स्थल पहुंच मार्ग एवं चिन्हित स्थलों के गड्ढों की आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य, अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था, माधवनगर फाउंटेन, सेल्फी प्वाइंट, रोड डिवाईडर में आवश्यक व्यवस्थाएं, आवश्यकतानुसार टेंकर के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था, जागृति पार्यावरण संधारण समिति कटनी से संपर्क कर कार्यक्रम स्थल पर साहसिक गतिविधियां कराने वाले आयोजकों अथवा संचालकों से निर्धारित शुल्क वसूली की कार्यवाही हेतु निगम के विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपे जाकर सौपी गई व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से पूर्ण करानें हेतु आदेशित कया गया है।

वित्तीय संस्थाओं व निजी अस्पतालों की समीक्षा बैठक कल

कटनी। शासन के निर्देशानुसार 25 नवंबर तक टीकाकरण के प्रथम एवं द्वितीय डोज का शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जाना है। कोविड टीकाकरण के प्रथम एवं द्वितीय डोज के शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति हेतु दिनांक 10, 17 एवं 24 नवंबर तथा 1 दिसंबर को कोविड टीकाकरण महाअभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। कलेक्टर के निर्देशानुसार आयोजित होनें वाले टीकाकरण महाअभियान को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 11 नवंबर को दोपहर 2 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष में मॉल, बिग बाजार, विशाल मेगा मार्ट के संचालकों तथा बैंक, वित्तीय संस्थाओं, निजी अस्पतालों, क्लीनिक, रेस्टारेंट होटल संचालकों के साथ समीक्षा की जानी है। निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें नगर के मॉल, बिग बाजार, विशाल मेगा मार्ट के संचालकों तथा बैंक, वित्तीय संस्थाओं, निजी अस्पतालों, क्लीनिक, रेस्टारेंट होटल संचालकों से 11 नवंबर को दोपहर 2 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होनें की अपील की है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों हेतु ऑनलाइन वेबिनार



कटनी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन में, दिनेश कुमार नोटिया, जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के निर्देशन में मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत ट्रांसजेंडर को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ऑनलाईन वेबीनार के माध्यम से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस बेवीनार में सचिव दिनेश कुमार नोटिया ने बताया कि भारत में (एलजीबीटी) लोगों को कानूनी और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समाज में उनको सम्मान प्रदान करने तथा शासन द्वारा उनके हितों में संचालित योजनाओं से अवगत कराने के लिये यह जागरूकता शिविर आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में मूडी जी, गोल्डी जैन एवं ट्रांसजेंडर समुदाय से जुड़े अन्य लोग उपस्थित रहे।

पॉक्सो अधिनियम पर बच्चों को किया जागरूक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाका तथा कुन्दनदास स्कूल में कार्यक्रम

कटनी। महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी द्वारा बालकों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा हेतु जागरूक किए जाने निरंतर जागरूक किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं चाईल्डक लाईन कटनी की संयुक्त टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यामिक विद्यालय चाका एवं कुन्दन दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 पर प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता शैलजा पाण्डे द्वारा बालकों को पॉक्सो अधिनियम 2012 के बाल मित्र एवं विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। परामर्शदाता रवि शंकर गौतम द्वारा बालकों को पॉक्सो ई-बाक्स एवं विपरीत परिस्थितियों में स्वमयं के बचाव के बारे में बताया गया। जिला समन्वयक, चाईल्ड लाईन चंदन चौहान द्वारा बालकों को गुड टच, बैड टच पहचानना, चाईल्ड लाईन टोल फ्री नंबर 1098 एवं चाईल्ड लाईन की कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गई । प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राचार्यगण लक्ष्मी बिचपुरिय लता जैन, चाईल्ड लाईन टीम सदस्य शैलेन्द्र सिंह एवं ज्ञान सिंह एवं विद्यालय के शिक्षकगणों का सहयोग रहा।



कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म०प्र०)

पत्र क्रमांक 5235/खनिज/2021 — कटनी, दिनांक 18-10-2021

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/आदिनाथ इन्टर प्राईजेज निवासी पुरानी टेलीफोन एक्सचेन्ज गली ईश्वरीपुरा वार्ड कटनी जिला कटनी (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 06.08.2021 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकवा	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
कटनी	बड़वारा	माल्हन	74, 114	4.00	शासकीय भूमि	मार्बल	
			कुल रकबा	4.00			

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

G-18920/21

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला कटनी

स्वच्छ कैमोर स्वस्थ कैमोर

कार्यालय नगर परिषद कैमोर जिला–कटनी (म.प्र.)

E-Mail cmokemoreampurban.gov.in-
Phone No. 07626-272353

क्रमांक/1167/स्वा.वि./न.परि./2021 — कैमोर दिनांक 09.11.2021

अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2021 के अनुपालन में कैमोर शहर में 75 माईक्रोन से कम वाले प्लास्टिक बैग/प्लास्टिक उत्पाद व सिंगल यूज डिस्पोजेबल प्लास्टिक वस्तुऐं, प्लास्टिक कैरीबैग, फूड पैकेजिंग, प्लास्टिक फलावर पॉर्ट्र, बैनर, झण्डे, पेड बाल्स कटलरी, प्लेट्स, कप, प्लास्टिक स्ट्रा, फार्बास, स्पून्स, पाउच/सैशे आदि धर्माकोल से निर्मित सजावटी एवं अन्य सामान का भंडारण वितरण तथा उपयोग प्रतिबंधित है। उपर्युक्त सामग्री का उपर्युक्तानुसार उपयोग करते पाये जाने पर दोषी व्यक्ति संख्या पर कार्यवाही करते हुए सामग्री जप्त किये जाने के साथ ही रुपये 250/- जुर्माना अधिरोपित किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कैमोर

आधार लाओ, उधार ले जाओ
BAJAJ FINSERV बजाज फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
0% ब्याज पर आसान किश्तों में मोबाइल उपलब्ध
Special Offer
धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर महा धमाका
लूट सको तो लूट लो... अब नगद की क्या जरुरत...
मात्र 3 दस्तावेज लायें
* आधार कार्ड * पेन कार्ड * बैंक पासबुक
बजाज कस्टमर को 1रु.में मोबाइल उपलब्ध
पलक मोबाइल शॉप
चांडक चौक ढलान, आदर्श कॉलोनी तिराहा, कटनी, मो. 9301051222
SAMSUNG
realme
mi
vivo
oppo
NOKIA

एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने कचहरी चौक, कटनी

किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. विशाल वडेरा एम.डी., डी.एन. बी (नेफ्रोलॉजी)
(दिनांक–13/11/2021 समय प्रात : 10 :00 बजे से दोपहर 12 :00 बजे तक)
||(उपलब्ध उपचार)||
किडनी संबंधी समस्या, ब्लड प्रेशर का बढ़ना, पुराने मधुमेह (शुगर) की बीमारी, पैरों की सूजन होना, पेशाब का कम होना या बार–बार होना, हमेशा गैस का बना रहना या बार–बार बनना, खाने का पाचन सही तरह से न होना, किडनी की समस्त समस्या हेतु संपर्क करें।
हर माह के दूसरे शनिवार को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

mgm HOSPITAL We Cure with Care

मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्ष सक्सेना डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक–14/11/2021 समय प्रात : 10 :30 बजे से दोपहर 02 :00 बजे तक)
||(उपलब्ध उपचार)||
सिर एवं रीढ़ की चोट, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हैम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.वी. , बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो संबंधी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं दुर्घटना।
हर माह के दूसरे रविवार को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
नोट– असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
फोन नंबर– 07622– 405070–71–72

आज शाम डूबते सूर्य को लगेगा पहला अर्घ्य

कल सुबह सूर्योदय के समय दूसरे अर्घ्य के साथ होगा चार दिवसीय छठ पूजा का समापन

कटनी। सोमवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुए सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा के तहत आज बुधवार की शाम तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं कल चौथे व अंतिम दिन गुरूवार की सुबह सूर्योदय के समय भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ पूजा का समापन होगा। शहर में छठ की विशेष पूजा गायत्री नगर के सिमरौल नदी स्थित बाबा घाट व उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित सिमरौल नदी के हनुमान घाट(चक्की घाट) में की जाती है। जिसके कारण दोनों ही जगह नदी घाटों को साफ-सफाई करने के साथ ही दुल्हन की तरह सजाया गया तथा आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है।

नदीघाटों पर हो रही पूजा

एनकेजे क्षेत्र से होकर गुजरी जंलगार नदी में बजरंग कालोनी में निवास करने वाले उत्तरभारतीय परिवार के लोगों द्वारा छठ पूजा की जाती है। वहीं शहर में निवास करने वाले उत्तरभारतीय कटाएघाट, मोहनघाट व मसुरहा में भी छठ पूजा करते हैं। कुल मिलाकर पिछले कुछ वर्षों से सूर्योपासना का महापर्व छठ शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया जाने लगा है। चार दिनों के इस महापर्व की शुरुआत सोमवार को नहाय खाय के साथ हुई। पहले दिन महिलाओं ने नदी घाटों में डुबकी लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण किया और पर्व की शुरुआत की। वहीं मंगलवार को यानी पर्व के दूसरे दिन खरना मनाया गया।

गायत्री नगर के बाबाघाट व छपरवाह के हनुमान घाट में मेले जैसा माहौल

कोरोना से भी कड़े हैं छठ पूजा के नियम

छठ पूजा एक ऐसा पर्व है, जिसे पूरे परिवार को एक साथ मिलकर मनाया जाता है। साफ सफाई, पवित्रता और पर्यावरण 3 इन बातों का ख्याल रखना होता है। इधर-उधर छूना मना है। इसमें कोरोना से भी अधिक सख्त नियम है। किसी को छुएं तो हाथ धोना अनिवार्य है। अगर कोई शौचालय जाता है तो उसे नहाना होता है तभी वह पर्व में शामिल होता है। इस पर्व के बहुत सख्त नियम हैं। व्रती महिलाओं की आस्था और उनका छठी मईया के प्रति विश्वास ही है कि चार दिनों तक उपवास रखते हुए पर्व को करती हैं।

कमर तक पानी में उतरकर दिया जाता है अर्घ्य

महापर्व के तीसरे दिन आज बुधवार की शाम को अर्घ्य दिया जाएगा। इससे पहले व्रती महिलाएं घर में इसकी तैयारी करती हैं। परिवार के सदस्य पूरे नियम के साथ प्रसाद बनाने में लग जाती हैं। प्रसाद के लिए मुख्य रूप से ठेकुआ बनाया जाता है। ठेकुआ बनाने के लिए व्रती महिलाएं खुद से गेहूं साफ करती हैं, धोती हैं और उसे पिसाया जाता है। पर्व में आमतौर पर मिट्टी के चूल्हे पर ही पकवान बनाया जाता है लेकिन आजकल गैस चूल्हे पर भी बनता है। हालांकि ऐसे चूल्हे पर बनता है जो सिर्फ पर्व में इस्तेमाल हो। जब पकवान तैयार हो जाता है तो उसे सूप और डाले में रखा जाता है। जिसमें पकवान के अलावा कई प्रकार के फल होते हैं। सेब, नारंगी, गन्ना, पानी फल, नींबू आदि प्रसाद में चढ़ाया जाता है। इसके बाद अर्घ्य के लिए बने घाट पर व्रती सहित पूरा परिवार पहुंचते हैं और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा करते हैं।

कल गुरुवार को चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य

पर्व के चौथे दिन कल गुरूवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। घाट पर बच्चे, बूढ़े, जवान सभी एक साथ पहुंचते हैं। जहां पर शाम को अर्घ्य हुआ था, उसी घाट पर सुबह का अर्घ्य भी होता है। अर्घ्य में लोग दूध और जल सूर्य देवता को अर्पित करते हैं। सुबह के अर्घ्य के बाद व्रती महिलाएं अपना व्रत तोड़ती हैं। जिसमें पहले वो पानी में घोलकर चीनी और नींबू का शरबत लेती हैं। बाद में अन्न ग्रहण करती हैं। इसके साथ ही यह व्रत और छठ पूजा संपन्न हो जाती है।

गांवों में आबकारी विभाग की दबिश

एक लाख कीमती अवैध शराब बरामद

कटनी। अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी वृत्त बहोरीबंद द्वारा ग्राम हरदुआ, रैपुराहार, बिलहरी क्षेत्र मतवारीहार में आबकारी उडनदस्ता टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी पी केवट के नेतृत्व में दबिश दी गई। आबकारी की दबिश से अवैध कारोबार करने वालों में हड़कम्प देखा गया।

इस दौरान मौके से 1910 किलोग्राम महुआ लाहन लगभग 477 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा तथा 20 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जब्त करते हुए 8 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34-1 क एवं च के तहत पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 98 हजार 500 रूपए आंकी गई है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक के के पटेल, महेन्द्र शुक्ला, एस डी सिंह, आबकारी आरक्षक कैलाशनाथ नामदेव, घरमू काछी उपस्थित रहे।

वेक्सीनेशन महाअभियान, टारगेट पर फोकस

वैक्सीन की सेकेंड डोज शत प्रतिशत लगाने आज जिले के 238 केन्द्रों पर हो रहा टीकाकरण

कटनी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर सम्पूर्ण प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन का दूसरा डोज का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिये आज 10 नवंबर को पूरे जिले में वेक्सीनेशन महा अभियान चलाया जा रहा है। महाअभियान के तहत शहरी क्षेत्र में 49 और ग्रामीण क्षेत्र में 189 टीकाकरण केन्द्र निर्धारित किये गये है। सभी केन्द्रों में ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन करते हुए लोगों का वेक्सीनेशन किया जा रहा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार प्रदेश में कोविड से बचाव को लेकर शत प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। वैक्सीन का दूसरा डोज शत प्रतिशत लोगों को लगे, इसके लिए एक बार फिर से वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जा रहा है। जिले में आज 10 नवंबर को विशेष वैक्सीनेशन महाभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सभी जिलेवासियों से वैक्सीनेशन महाअभियान का हिस्सा बनकर कोरोना से बचाव के लिए संपूर्ण सुरक्षा कवच अपनाने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अभी बहुत से ऐसे लोग हैं, जिन्होंने निर्धारित समय बीतने के बाद भी वैक्सीन की दूसरी डोज नहीं ली है। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे लोग स्वयं को, परिवार व समाज को सुरक्षित करने के लिए महाअभियान में नजदीकी केन्द्र में जाकर टीका अवश्य लगवाएं और अपने परिवार व पड़ोस के लोगों को भी इसको लेकर जागरूक करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि वैक्सीन का दूसरा डोज पूर्ण होने से ही टीकाकरण संपूर्ण होगा और इसके लिए जागरूक नागरिक बनें व नजदीकी केन्द्र में जाकर टीकाकरण अवश्य पूर्ण कराएं।

इन केन्द्रों पर हो रहा टीकाकरण

कटनी शहरी क्षेत्र -	49 टीकाकरण केन्द्र
बड़वारा क्षेत्र -	15 टीकाकरण केन्द्र
बहोरीबंद क्षेत्र -	30 टीकाकरण केन्द्र
बरही क्षेत्र -	17 टीकाकरण केन्द्र
ढीमरखेड़ा क्षेत्र -	37 टीकाकरण केन्द्र
कटनी-कन्हवारा क्षेत्र -	22 टीकाकरण केन्द्र
रीठी क्षेत्र -	36 टीकाकरण केन्द्र
विजयराघवगढ़ क्षेत्र -	32 टीकाकरण केन्द्र
कुल योग	**238 टीकाकरण केन्द्र**

17, 24 और 4 दिसंबर को भी चलेगा महा अभियान

बताया जाता है कि आज 10 नवंबर के बाद आगामी 17 नवंबर, 24 नवंबर तथा 4 दिसम्बर को भी टीकाकरण महाअभियान चलाया जायेगा। नागरिक टीकाकरण केन्द्र पर अपना आधार कार्ड या अन्य कोई भी शासकीय फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर टीका लगवा सकते हैं।

शहरी क्षेत्र के इन केन्द्रों पर लगी सेकेंड डोज, स्कूल और आंगनबाड़ी भवनों को बनाया सेंटर

शहर में आज पुरानी कचहरी परिसर टीकाकरण केन्द्र और रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 34 आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 131 में कोवैक्सीन के पहले और दूसरे डोज के लिये टीकाकरण किया जा रहा है। इसी तरह एसीसी हॉस्पिटल, ऑर्डिनेन्स हॉस्पिटल, रेल्वे हॉस्पिटल कटनी, सेवा भारती अक्षर नंदन स्कूल, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखेरा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रेमनगर, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम, खिरहनी जोन कार्यालय, एमजीएम हॉस्पिटल कटनी, श्री हॉस्पिटल कटनी, कृषि उपज मण्डी पहरुआ, सामुदायिक भवन जालपा देवी वार्ड, जिला चिकित्सालय, बाल गंगाधर तिलक वार्ड आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 6, बिरसा मुण्डा वार्ड क्रमांक 2 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 4, राममनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 194, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 3 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 11, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्रंमांक 6 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 167, जगमोहन दास वार्ड क्रंमांक 11 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 169, जयप्रकाश वार्ड क्रंमांक 10 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 34, महात्मागांधी वार्ड क्रंमांक 9 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 29, राजीवगांधी वार्ड क्रंमांक 14 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 49, विनोवा भावे वार्ड क्रंमांक 15 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 200, वेंकट वार्ड क्रंमांक 13 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 171, सावरकर वार्ड क्रंमांक 12 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 40, अम्बेडकर वार्ड क्रंमांक 21 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 70, किदवई वार्ड क्रंमांक 16 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 173, जगजीवन राम वार्ड क्रंमांक 19 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 66, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रंमांक 17 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 64, राम जानकी हनुमान वार्ड क्रंमांक 18 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 62, शिवाजी वार्ड क्रंमांक 20 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 203, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रंमांक 35 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 210, गुरूनानक वार्ड क्रंमांक 22 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 73, नेहरू वार्ड क्रंमांक 28 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 95, पाठक वार्ड क्रंमांक 30 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 109, मदन मोहन चौबे वार्ड क्रंमांक 27 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 180, वंश स्वरूप वार्ड क्रंमांक 29 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 93, कावस जी वार्ड क्रंमांक 32 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 119, फारेस्टर वार्ड क्रंमांक 33 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 117, राम निवास सिंह वार्ड क्रंमांक 31 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 114, रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रंमांक 34 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 131, आचार्य कृपलानी वार्ड क्रंमांक 41 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 150, महाराणा प्रताप वार्ड क्रंमांक 44 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 153, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्रंमांक 46 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 159, विश्राम बाबा वार्ड क्रंमांक 45 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 207, संतकवर राम वार्ड क्रंमांक 43 आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 152 में भी विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया है।

सहस्त्रबाहु जयंती पर रीठी में कल निकलेगी वाहन रैली

कटनी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रीठी में कल 11 नवंबर को कलचुरी समाज के आराध्य देव राज राजेश्वर भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जयंती का आगाज प्रातः 8 बजे से ग्राम खिरवा से रीठी मंगल भवन तक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे सभी स्वजतीय बंधु अपने अपने मोटरसायकिल वाहन सहित रैली में भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संदीप जायसवाल रहेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांडेय, संतोष राय पूर्व मंडी अध्यक्ष, गजेंद्र राय राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, महाराज सिंग राय समाजसेवी पटौहा, देवकलाल राय वरिष्ट समाजसेवी खिरवा रहेंगे। कलचुरी समाज के सभी स्वजातिय बंधुओं से पहुंचने का आग्रह किया गया है।

स्कूल यूनीफार्म बेचने के गोरखधंधे की हो जांच, कांग्रेस नेता ने कलेक्टर को लिखा पत्र

कटनी। शहर के 10 हजार स्कूली छात्र-छात्राओं को महंगी यूनीफॉर्म बेचने की जांच किए जाने हेतु जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित प्रमुख सचिव शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन, पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि अभिभावकों की समस्या के समाधान हेतु जांच कमेटी बनाई जाए। उन्होंने आग्रह किया है कि शहर में कोरोनाकाल के बाद अब अधिकतर निजी एवं शासकीय स्कूल प्रतिदिन प्रारंभ हो गए हैं तथा ठंड का मौसम प्रारंभ होने से सभी स्कूलों द्वारा छात्र-छात्राओं को स्कूल के यूनीफॉर्म एवं ब्लेजर स्वेटर मफलर इत्यादि खरीदने हेतु छात्रों को निर्देश दिए गए हैं। श्री चौहान ने अवगत कराया कि शहर में कुछ दुकानदारों द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए यूनीफॉर्म को अत्यधिक महंगा कर विक्रय किया जा रहा है, जो जांच का विषय है। इस संबंध में तहसीलदार के नेतृत्व में शिक्षा विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जांच किए जाने की आवश्यकता है जिन दुकानदारों द्वारा घटिया कपड़ों के यूनिफॉर्म ब्लेजर स्वेटर बेल्ट बनाकर अत्यधिक महंगी कीमत पर विक्रय किया जा रहा है उन नामचीन दुकानदार की सूची जांच टीम तैयार करे। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा एक शिकायत मोबाइल नंबर जारी किए जाने की मांग है जिस पर छात्र एवं छात्रों के अभिभावक शिकायत दर्ज करा सके।

भाजपा सरकार ने जनजातियों के लिए किए उल्लेखनीय कार्य

जनता पार्टी जिला कटनी
सबका विश्वास

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का कटनी में स्वागत

कटनी। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री जय सिंह मरावी का कटनी नगर आगमन हुआ। श्री मरावी का जिला कार्यालय में स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। प्रदेशाध्यक्ष जय सिंह मरावी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को आदिवासी दिवस बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर मध्यप्रदेश आ रहे हैं। सिर्फभारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जिसने जनजाति बंधुओं के लिए अनेकों योजनाएं मूर्त रूप में चलाई तथा जनजाति बंधुओं को इसका सीधा लाभ दिया। कांग्रेसियों अन्य विपक्षी दल के पास जनजातियों के लिए किया गया कोई भी ऐसा कार्य नहीं है, जिससे जनजातियों की दिशा और दशा दोनों बदलती हो। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह तथा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में निरंतर आदिवासियों के विकास के लिए कार्य चल रहे हैं, वही केंद्र में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आदिवासी भाइयों के जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति की योजनाएं लागू की गई। भाजपा नेताओ ने कहा कि जनजाति बंधुओं का इस देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश में आजादी की लड़ाई से लेकर प्राचीन सभ्यता को बरकरार रखने में जनजाति बंधुओं का योगदान अनुकरणीय है। आज देश के विकास के हर क्षेत्र में आदिवासी भाइयों के मेहनत के चर्चे होते हैं। भाजपा ने सदैव हमारे जनजाति भाइयों के लिए ऐसी योजनाएं संचालित की जिससे उन्हें बराबरी का दर्जा प्राप्त हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मप्र आगमन पर जनजाति मोर्चा निरंतर तैयारियों में जुटा है। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह तथा आभार प्रदर्शन जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा देवी सिंह, जनजाति मोर्चा के नेता राजेंद्र कोल, जिलामहामंत्री चेतन हिंजुजा, जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, दीपक टंडन सोनी, जिला मंत्री सुश्री अंकिता तिवारी, मंडल अध्यक्ष वागीश आनंद, अंब्रिश वर्मा, यज्ञदत्त मिश्रा, सचिन तिवारी आदि उपस्थित थे।

शिविर में 200 मरीजों की जांच, 31 को आपरेशन के लिए भेजा चित्रकूट

कटनी। विगत तीन वर्षों से निरंतर निशुल्क नेत्र शिविर सेवा ब्राम्हण समाज के तत्वाधान में ब्राम्हण सत्संग भवन मसुरहाघाट में सतगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के अनुभवी डाक्टरों द्वारा जांच पड़ताल कर आपरेशन हेतु मरीजों को चित्रकूट ले जाया जाता है, इसी क्रम में कल मंगलवार 9 नवंबर को शिविर का आयोजन संतोष पाठक की पुण्य स्मृति में श्रीमति गीता पाठक द्वारा किया गया। शिविर में 200 मरीजों का नेत्र परिक्षण कर 31 मरीजों को आपरेशन के लिये त्रित्रकूट भेजा गया। शिविर की सफलता में नगर अध्यक्ष राजू शर्मा, मनीष पाठक, प्रेम प्रकाश दीक्षित, बिल्लू शर्मा, पप्पू गर्ग, सूर्यकांत मिश्रा, कृष्णकांत गौतम, संजय शर्मा, विभव राम त्रिपाठी, श्रीमती कल्पना दुबे, प्रदीप भार्गव, श्रीमती शशि शुक्ला, उमेश पाण्डे, डॉ. कमल यादव, डॉ. जानकी शुक्ला, विनय मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, विक्रांत शर्मा , कमलेश मिश्रा आदि साथियों का कार्यक्रम की सफॅलता में सराहनीय योगदान रहा।



राजीव ब्रिगेड नगर में चोरों ने की गश्त

रेलकर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व जेवर लेकर हुए चंपत

कटनी। एनकेजे थाना अंतर्गत मूंगाबाई कालोनी से लगी राजीव ब्रिगेड नगर कालोनी में बीतीरात पुलिस की बजाय चोरों ने गश्त की और यहां एक रेलवेकर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर से नगदी व जेवर सहित लाखों का सामान लेकर चंपत हो गए। सुबह पड़ोसियों को मकान में चोरी की जानकारी लगी तो उन्होंने पुलिस व परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करते हुए अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजीव बिग्रेड नगर कालोनी निवासी एवं रेलकर्मी नीरज पांडे अपने परिवार सहित दीपावली पर्व में अपने पैतृक गांव गए हुए थे। इसी का फायदा उठाते हुए देररात अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान में धावा बोला और अंदर मकान का कोना-कोना खंगालने के बाद अंदर से नगदी, सोने चांदी के जेवर सहित लाखों का सामान लेकर चंपत हो गए। हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है कि चोरी कितने की हुई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस कभी गश्त में नहीं आती। जिसका फायदा चोर उच्चके उठा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए एनकेजे थाना क्षेत्र के मूंगाबाई कालोनी, राजीव ब्रिगेड नगर, छपरवाह व बिलगवां में पुलिस गश्त कराए जाने की मांग की है।

क्षतिग्रस्त पुलिया से बढ़ी परेशानी

उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित कैरन लाइन में डायमंड स्कूल के पास एक पुलिया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके कारण यहां न केवल लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है बल्कि स्कूल होने के कारण छोटे-छोटे बच्चों के साथ किसी बड़ी दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम आयुक्त का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

युवा श्रमिक की मौत के लिए जिम्मेदार ऑपरेटर 8 साल बाद गिरफ्तार

फरारी काट रहे आरोपी को यूपी के कुसी नगर से पकड़कर लाई पुलिस

कटनी। जिले के कैमोर स्थित एसीसी सीमेंट प्लांट में लोडर मशीन पर कार्य के दौरान एक 26 वर्षीय युवा श्रमिक की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना की शुरूआती जांच में ही श्रमिक की मौत के लिए लोडर मशीन ऑपरेटर को दोषी पाया गया था। कैमोर पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 304ए के तहत अपराध दर्ज किया गया। अपराध दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी ऑपरेटर फरार हो गया। लगातार 8 साल से फरारी काट रहे ऑपरेटर को अंततः कैमोर पुलिस ने दो पहले उत्तर प्रदेश के कुशी नगर से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुशी नगर का ही रहन वाला 26 वर्षीय नबी रसूल अंसारी वर्ष 2013 में एसीसी सीमेंट प्लांट के लोडिंग डिपार्टमेंट में सीमेंट की बोरियां लोड करने का करता था। इस कार्य में लोडर मशीन का उपयोग किया जाता था। कुशी नगर के ग्राम धुरियाकोट थाना सबरही निवासी पृथ्वीचंद चौहान लोडिंग मशीन का ऑपरेटर था। 29 मार्च 2013 को लोडिंग के दौरान मशीन में फंस जाने से श्रमिक नबी रसूल अंसारी की मौत हो गई थी। इस हादसे की जानकारी एसीसी के अधिकारियों द्वारा कैमोर थाने को दिये जाने पर पुलिस ने शव परीक्षण के बाद मर्ग कायम कर जांच की। जांच के दौरान मशीन ऑपरेटर पृथ्वीचंद चौहान की लापरवाही को इस दुर्घटना का कारण माना गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया पर आरोपी की फरारी के कारण गिरफ्तारी नहीं हो सकी। न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक सुनील जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के मार्गदर्शन में कैमोर पुलिस द्वारा स्थाई वारंटियों की पतासाजी कर उन्हें गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही। इसी कड़ी में कैमोर पुलिस ने गत दिवस उक्त आरोपी को उत्तर प्रदेश में जाकर गिरफ्तार किया।

सर्टिफिकेट गुमे

सूचित किया जा रहा है कि मेरे दो रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की मूलप्रति कहीं गुम हो गई है जो इस प्रकार है- Auxiliary Nurse Midwife (Revised A.N.) नंबर 490 एवं AUXILIARY NURSE MIDWIFE (REVISED COURSE) नंबर 2724 है। यह कोर्स वर्ष 10-12-2008 से 10-06.2010 को किया था। ये दोनों सर्टिफिकेट कहीं खो गए हैं जो खोजने के बाद भी नहीं मिल रहे। अतः डुप्लीकेट प्रति के लिए सूचित किया जा रहा है।

अंकिता बड़गैंया पुत्री रमाकांत बडगैंया, निवासी दुबे कालोनी, कटनी

ई श्रमिक पोर्टल से जुड़ते ही हो जायेगा दो लाख का बीमा

परिवार के हर वयस्क सदस्य का पंजीयन करा सकते हैं मजदूर

कैमोर। संगठित और असंगठित छेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के लिए केंद्र सरकार द्वारा ई श्रमिक पोर्टल योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना से श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को क्या लाभ मिलेगा इसकी जानकारी देने बीते 9 नवम्बर को कैमोर स्थित एसीसी सीमेंट प्लांट में एक जागरूकता शिविर का आयोजन केंद्रीय उप मुख्य श्रमायुक्त सुनील कुमार एवं सहायक श्रमायुक्त अभिनव तिवारी की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर एसीसी के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डीए महाप्रबंधक एच आर एच पी सिंहएइंटक यूनियन के अध्यक्ष अनिल मौर्याए बी एम एस के महामंत्री मुकेश गौतम एवं भारी संख्या में श्रमिकों की उपस्थिति रही। श्रमिकों को ई पोर्टल योजना की जानकारी देते हुए केंद्रीय श्रमायुक्त सुनील कुमार ने बताया कि संगठित और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई है। योजना के तहत श्रमिक को अपना पंजीयन करा कर ई पोर्टल से जुड़ना है। पोर्टल से जुड़ते ही श्रमिक का दो लाख रुपये का बीमा हो जाता है।

योजना की जानकारी देने कैमोर पहुंचे केंद्रीय उपमुख्य श्रमायुक्त

श्रमिक अपनी पत्नी सहित 18 वर्ष से अधिक आयु के हर सदस्य को भी पोर्टल से जोड़ सकता है। पोर्टल से जुड़ने वाले हर सदस्य को बीमा का प्रथक प्रथक लाभ प्राप्त होगा। इसके अलावा किसी भी आपदा के समय श्रमिको को केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाली सहायता सीधे श्रमिक के खाते में पहुंच जाएगी। केंद्रीय श्रमायुक्त ने सभी श्रमिकों से अपील की कि वे केंद्र के ई श्रमिक पोर्टल से जुड़कर इस योजना का लाभ उठाएं। अपने साथी मजदूरों और परिवार के सदस्यों को भी इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। एसीसी के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी ने भी श्रमिकों से इस योजना का लाभ लेने और ई पोर्टल पर पंजीयन अवश्य कराने की बात कही। बताया गया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा श्रमिक बहुल इलाकों में सहायता केंद्र खोलकर श्रमिको का निशुल्क पंजीयन कराया जा रहा। श्रमिक चाहें तो किसी भी आन लाइन सेंटर पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

ग्राहक से पहले पहुंच गई पुलिस

डिलेवरी देने के पूर्व 60 वर्षीय वृद्ध दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

कटनी। बड़वारा थाना अंतर्गत रुपौंद रेलवे फाटक के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे एक 60 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति को पुलिस ने दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा के मुताबिक 9 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रुपौंद रेलवे फाटक के पास एक व्यक्ति गांजा लिए हुए है तथा गांजा की डिलेवरी देने ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची। जहां पर एक व्यक्ति सफेद रंग का थैला लिए खड़ा हुआ और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। व्यक्ति के पास मिले थैले की तलाशी ली गई तो उसके अंदर गांजा रखा हुआ था। गांजे का वजन करीब दो किलो है। गांजे की कीमत लगभग 20 हजार रुपए है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बड़वारा थाना अंतर्गत रुपौंद का रहने वाला 60 वर्षीय शिवप्रसाद पटेल है। गांजा कहां से लाया गया और किसे सप्लाई दी जानी थी। इस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक काशीराम मरावी, प्रधान आरक्षक लालजी यादव, विजय चढार, आरक्षक अखिलेश दीक्षित, राजकुमार व वाहन चालक आरक्षक अभय यादव यादव की भूमिका रही।

रूपौंद रेलवे फाटक के पास बड़वारा पुलिस की कार्रवाई

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

सिर्फ नाम ही काफी है.....
कजारिया
भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी
पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511
Kajaria
सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475

दीपोत्सव पर आप भी निखारिए अपना रूप
OSAM
Beauty Parlour
स्पेशल ऑफर 28 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक
299 रू. क्लीनप, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड, सिम्पल हेयर कट फ्री
499 रू. फ्रूट फेशियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड (मेनीक्योर फ्री)
899 रू. गोल्ड, डायमंड फेसियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, लैग वैक्स फुल, अन्डर आर्म्स, मेनीक्योर, पेडीक्योर, हेयर आयल मसाज आइब्रो फोरहैड (1 क्लीनअप फ्री)
599 रू. लोटस फेसियल, ब्लीच, हैनड वैक्स, हाफ लैग वैक्स, अडर आर्म्स, आइब्रो फोरहैड, हेयर कट (पेडीक्योर फ्री)
दुल्हन मेकप 1 माह पहले से बुकिंग करने पर 1000 रू. की छूट
Beauty Expert- K.M., Mob-8305072898
पता- पोस्ट ऑफिस गली, रघुनाथगंज कटनी

दुनिया का नं.1 ब्रांड
SAMSUNG
UP To 22.5% Additinal Cash Back
0% Finance Scheme
Exchange Offer
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा
सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

ड्यूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call -
9770037027

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
Have a Great Festival Season
Shubh Deepawali
Near Main Railway Station, KATNI (M.P.)
Tel : 07622 422408 email : citymallkatni@gmail.com

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री
LIFESTYLE
कोट सूट ।। शेरवानी ।। इंडो वेस्टर्न ।। ब्लेजर ।। कुर्ता जैकेट
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)